# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | **Monday, 24 August 2026**


## दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव : NSUI मे खींचतान, कन्हैया कुमार और वरुण चौधरी के बीच विवाद


Sanket Morankar



Published on 10 Sep 2025




**दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (DUSU) चुनाव** से पहले कांग्रेस की छात्र इकाई **NSUI** में अंदरूनी विवाद खुलकर सामने आ गया है। संगठन के भीतर **कन्हैया कुमार और वरुण चौधरी** गुटों के बीच टिकट वितरण और नेतृत्व को लेकर खींचतान तेज हो गई है।

सूत्रों के मुताबिक, कन्हैया कुमार गुट चाहता है कि चुनावी रणनीति और उम्मीदवार चयन में उनकी राय को प्राथमिकता दी जाए, जबकि वरुण चौधरी का कहना है कि NSUI की परंपरा और मौजूदा ढांचे को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। इसी को लेकर दोनों नेताओं के समर्थक आमने-सामने आ गए।

इस विवाद ने NSUI की चुनावी तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अगर समय रहते मतभेद नहीं सुलझाए गए तो NSUI को **ABVP और AISA** जैसे विरोधी संगठनों के सामने नुकसान उठाना पड़ सकता है।

छात्रसंघ चुनावों में हमेशा से राष्ट्रीय राजनीति की झलक देखने को मिलती है, और इस बार NSUI की आंतरिक कलह ने मुकाबले को और दिलचस्प बना दिया है।


DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.